म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित,
खेल परिसर, इन्दिरा निकुंज नर्सरी, 74 बंगले, भोपाल
फोनः(0755) 2674202,फैक्स :(0755) 2552628
Website: www.mfpfederation.org, Email: mpmfpit@gmail.com

**निविदा क्रं./टा.फो./संजीवनी/2021/15721** **भोपाल दिनांक 02.12.2021**

**मध्यप्रदेश में जिलेवार स्थापित संजीवनी आयुर्वेद केन्द्रों के संचालन हेतु निविदा सूचना का प्रकाशन।**

——00——

म.प्र. राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ, मर्यादित भोपाल द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में विभिन्न स्थानों पर स्थापित ''संजीवनी आयुर्वेद केन्द्रों'' के लीज रेंट/विक्रय लक्ष्य आधार पर विन्ध्य हर्बल्य उत्पादों के विक्रय बाबत् संचालन हेतु इच्छुक निविदाकारों से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

1. **निविदा प्रस्तुतीकरण की अंतिम दिनांक 14/12/2021 दिन मंगलवार को सायं 3.00 बजे तक। स्थानः संबंधित वनमंडल/जिला वनोपज सहाकारी यूनियन/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी भोपाल।**
2. **निविदा खोलने का दिनांक एवं समय– 15/12/2021 दिन बुधवार को सायं 3.00 बजे से स्थानः संबंधित वनमंडल/जिला वनोपज सहकारी यूनियन/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी भोपाल।**

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक एवं समय अथवा वेबसाइट से डाउनलोड करना–07/12/2021 दिन मंगलवार अपरान्ह 3.00 बजे से 14/12/2021 दिन मंगलवार अपरान्ह 3.00 बजे तक संबंधित कार्यालय वनमंडल/जिला वनोपज सहकारी यूनियन/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल से प्राप्त किये जा सकतें है। इच्छुक निविदाकार निविदा प्रपत्र लघु वनोपज की वेबसाइड http://www.mfpfederation.org से डाउनलोड कर सकते है।

**प्रबंध संचालक**

अधि0क्र0 / वनो / टा0फो0 / संजीवनी / 21 / 15721 दिनांक 02 / 12 / 2021

# अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EoI)

म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित द्वारा स्थापित एवं प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन................ तथा विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा संचालित संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र ............................ ''जैसा है जहॉ है स्थिति में'' के लीज रेंट आधार पर आगामी संचालन के संबंध में अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EoI) का आमंत्रण

तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्रस्तुत करने की
अंतिम दिनांक 14 / 12 / 2021 समय सायं 03:00 बजे तक)

जिला वनोपज सहकारी यूनियन ........................................

विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र,भोपाल

फोन : ........................................ फैक्स
**Website: http://www.mfpfederation.org, Email: mpmfpit@gmail.com**

अधि0क्र0 / वनो / टा0फो0 / संजीवनी / 21 / 15721 दिनांक 02 / 12 / 2021

# निविदा के संबंध में निर्धारित समय सारणी

| कार्यविवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक एवं समय अथवा वेबसाइट से डाउनलोड करना। | 07.12.2021 दिन मंगलवार अपराह्न 3.00 बजे से 14.12.2021 दिन मंगलवार को सायं 03:00 बजे तक। संबंधित वनमंडल / जिला वनोपज सहकारी यूनियन / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल। निविदा प्रपत्र http://www.mfpfederation.org पर भी उपलब्ध रहेगा। |
| प्री–बिड बैठक | 07.12.2021 दिन मंगलवार अपराह्न 3.00 बजे से संबंधित कार्यालय प्रबंध संचालक, वनमंडल / जिला वनोपज सहकारी यूनियन / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल |
| तकनीकी एवं वित्तीय निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 14.12.2021 दिन बुधवार को सायं 03:00 बजे तक। स्थानः संबंधित वनमंडल / जिला वनोपज सहकारी यूनियन / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल |
| तकनीकी निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | 15 / 12 / 2021 दिन गुरूवार को सायं 3.00 बजे से स्थानः संबंधित वनमंडल / जिला वनोपज सहकारी यूनियन / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल |
| तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों के वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने का दिनांक एवं समय | तकनीकी निविदा के परीक्षण उपरांत पृथक से वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक 16.12.2021 दिन गुरूवार सायं 03:00 बजे से संबंधित वनमंडल / जिला वनोपज सहकारी यूनियन / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल। |
| निविदा प्रपत्र का शुल्क (वापिसी योग्य नही) | राशि रूपये 1000 / – (रूपये एक हजार) एवं जीएसटी 12% (कुल देय राशि 1120 / एक हजार एक सौ बीस रुपए) नगद अथवा डिमान्ड ड्राफ्ट जो प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन............................को ............................स्थान पर देय हो। विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, भोपाल में देय हो। |
| सत्यंकार राशि (ई.एम.डी.) | विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के निर्धारित वार्षिक क्रय लक्ष्य का 2% राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमान्ड ड्राफ्ट के रुप में संबंधित प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन............ ................ के नामित हो जमा करना अनिवार्य है। निविदाकार द्वारा राशि पर 18% जीएसटी जोड़कर डिमान्ड ड्राफ्ट निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न करना होगा। विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज |

<table>
<tr>
<td></td>
<td>प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, भोपाल में देय हो। विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के निर्धारित वार्षिक क्रय लक्ष्य का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है–
<table>
<tr><th>श्रेणी</th><th>वार्षिक क्रय लक्ष्य</th><th>ई.एम.डी. 2% राशि एवं 18% जीएसटी अतिरिक्त</th></tr>
<tr><td>भोपाल संजीवनी</td><td>75 लाख रुपए वार्षिक</td><td>रूपये 1.50 लाख</td></tr>
<tr><td>श्रेणी अ</td><td>15 लाख रुपए वार्षिक</td><td>रूपये 30 हजार</td></tr>
<tr><td>श्रेणी ब</td><td>10 लाख रुपए वार्षिक</td><td>रूपये 20 हजार</td></tr>
<tr><td>श्रेणी स</td><td>06 लाख रुपए वार्षिक</td><td>रूपये 12 हजार</td></tr>
<tr><td>श्रेणी द</td><td>03 लाख रुपए वार्षिक</td><td>रूपये 06 हजार</td></tr>
</table>
बिना सत्यंकार राशि (ई.एम.डी.) के निविदा मान्य नही की जाएगी एवं ऐसी प्राप्त निविदाओं की तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं नही खोली जावेगी।</td>
</tr>
<tr>
<td>निविदा की वैधता</td>
<td>180 दिवस</td>
</tr>
</table>

अधि0क्र0 / वनो / टा0फो0 / संजीवनी / 21 / 15721 दिनांक 02 / 12 / 2021

<u>तालिका–1</u>

## विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के न्यूनतम वार्षिक क्रय का लक्ष्य निर्धारण

| क्रं | संजीवनी केन्द्र का नाम | वनमंडल / जिला यूनियन | वन वृत्त | श्रेणी | ❖ विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों का न्यूनतम वार्षिक विक्रय लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, भोपाल | भोपाल | अ | 75 लाख रुपए वार्षिक |
| 2 | जबलपुर | जबलपुर | जबलपुर | अ | 15 लाख रुपए वार्षिक |
| 3 | खंडवा | खंडवा | खंडवा | अ | 15 लाख रुपए वार्षिक |
| 4 | होशंगाबाद | होशंगाबाद | होशंगाबाद | अ | 15 लाख रुपए वार्षिक |
| 5 | रीवा | रीवा | रीवा | ब | 10 लाख रुपए वार्षिक |
| 6 | सीधी | सीधी | रीवा | ब | 10 लाख रुपए वार्षिक |
| 7 | खरगोन | खरगोन | खंडवा | ब | 10 लाख रुपए वार्षिक |
| 8 | सिवनी | दक्षिण सिवनी | सिवनी | स | 06 लाख रुपए वार्षिक |
| 9 | बालाघाट | उत्तर बालाघाट | बालाघाट | स | 06 लाख रुपए वार्षिक |
| 10 | बुरहानपुर | बुरहानपुर | खंडवा | स | 06 लाख रुपए वार्षिक |
| 11 | ओंकारेश्वर | खंडवा | खंडवा | स | 06 लाख रुपए वार्षिक |
| 12 | छतरपुर | छतरपुर | छतरपुर | स | 06 लाख रुपए वार्षिक |
| 13 | परासिया | पश्चिम छिंदवाड़ा | छिंदवाड़ा | स | 06 लाख रुपए वार्षिक |
| 14 | अमरकंटक | अनूपपुर | शहडोल | द | 03 लाख रुपए वार्षिक |
| 15 | औबेदुल्लागंज | औबेदुल्लागंज | भोपाल | द | 03 लाख रुपए वार्षिक |
| 16 | देवास | देवास | उज्जैन | द | 03 लाख रुपए वार्षिक |
| 17 | बड़वानी | बड़वानी | खंडवा | द | 03 लाख रुपए वार्षिक |
| 18 | पन्ना | उत्तर पन्ना | छतरपुर | द | 03 लाख रुपए वार्षिक |
| 19 | चित्रकूट | सतना | रीवा | द | 03 लाख रुपए वार्षिक |
| 20 | मैहर | सतना | रीवा | द | 03 लाख रुपए वार्षिक |
| 21 | सतना | सतना | रीवा | द | 03 लाख रुपए वार्षिक |
| 22 | डिंडौरी | डिंडौरी | जबलपुर | द | 03 लाख रुपए वार्षिक |

❖ **नोटः–** विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के न्यूनतम वार्षिक विक्रय लक्ष्य का अर्थ संजीवनी केन्द्रों द्वारा विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के क्रय मूल्य की राशि से है, जिसमें टेक्स एवं कमीशन / छूट सम्मिलित नही है।

**प्राक्कथन**

म.प्र. राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्या., भोपाल जिसे आगे संघ कहा गया है द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्रसंस्कृत आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के विपणन हेतु ''संजीवनी आयुर्वेद केन्द्रों'' की स्थापना की गई है। वर्तमान में इन संजीवनी आयुर्वेद केन्द्रों का संचालन एवं प्रबंधन म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ के निर्देशन में स्थानीय जिला वनोपज सहकारी यूनियनों के प्रबंध संचालक के माध्यम से किया जा रहा है।

संजीवनी केन्द्रों द्वारा लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी–पार्क), बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा निर्मित ''विन्ध्य हर्बल्स'' ब्रांड के हर्बल एवं आयुर्वेदिक उत्पादों एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों द्वारा निर्मित हर्बल एवं आयुर्वेदिक उत्पादों को विपणन मंच प्रदान किया जाता है। संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र की विश्वसनीयता एवं उत्पादों की बेहतर गुणवत्ता की आमजनों तक व्यापक पहुंच है। जिला वनोपज सहकारी यूनियन................ के. ...................... परिसर एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल में स्थापित ''संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र'' की वर्तमान में उपलब्ध उपयुक्त अधोसंरचनाओं एवं सुविधाओं के साथ ''विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के वार्षिक क्रय लक्ष्य निर्धारण के साथ अधिकतम लीज रेंट प्रस्ताव के आधार पर संचालन हेतु इच्छुक निविदाकारों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति **(EoI)** के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है।

**''संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र'' को संचालित करने के उद्देश्य**

संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र को संचालित करने का मुख्य उद्देश्य लघु वनोपज, वनौषधि एवं प्राकृतिक एवं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ सभी नागरिकों तक पहुंचाना, इनके संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना है।

संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों को विपणन मंच प्रदान करता है। इस केन्द्र द्वारा रोगियों को आयुर्वेदिक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किया जाता है जिससे न केवल आम जन लाभांवित हो रहे हैं, अपितु भारतीय चिकित्सा पद्धति को भी बढ़ावा मिल रहा है।

संजीवनी आयुर्वेद केन्द्रों से केवल विन्ध्य हर्बल ब्रांड के उत्पादों एवं विभिन्न जिलों के प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों द्वारा निर्मित हर्बल एवं आयुर्वेदिक उत्पादों का ही विक्रय किया जाता है। पंजीकृत चिकित्सकीय परामर्शदाताओं को संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र पर बैठने की व्यवस्था होती है, जिससे कि आमजनों को चिकित्सीय परामर्श सुविधा का लाभ मिलता है। संजीवनी आयुर्वेद केन्द्रों को एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा निर्मित विंध्य हर्बल्स ब्रांड के उत्पाद सीधे प्राप्त करने की व्यवस्था है, जिसमें कि निर्धारित छूट प्रदान की जाती है, जिससे कि संजीवनी आयुर्वेद केन्द्रों को अधिक से अधिक लाभ प्रदाय किया जा सके।

**संजीवनी आयुर्वेदिक केन्द्र में विक्रय हेतु रखी जाने वाली सामग्री :–**

(I) नियुक्त लीज धारक संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र में केवल विन्ध्य हर्बल्स ब्रांड द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों का ही विक्रय कर सकेगा। प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ अपने विवेकाधीन, लघु वनोपज प्राथमिक सहकारी समिति एवं वन सुरक्षा एवं वन धन केन्द्रों / क्लस्टरों तथा ग्राम वन समितियों द्वारा निर्मित उत्पाद के विक्रय की अनुमति दे सकेगें। इसके अतिरिक्त अन्य ब्रांडस / असंबद्ध सामग्री का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

(II) संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र के लिये नियुक्त लीज धारक को एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी से विंध्य हर्बल्स ब्रांड के उत्पाद प्राप्त करने होंगे जिस पर निर्धारित 35% कमीशन / छूट देय होगी।

2. अनिवार्य अहर्तायें:

संजीवनी केन्द्र के संचालन के लिए निविदाकार में निम्नलिखित अहर्ता होना अनिवार्य हैं–

1. आयुर्वेदिक डाक्टर (नियमित बी0ए0एम0एस0) की न्यूनतम उपाधि एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति बोर्ड में वैद्य पंजीयन। उक्त अहर्ताओं की पूर्ति के लिए यदि निविदाकार आयुर्वेदिक डाक्टर की सेवाएं संलग्न करना चाहता है तो उसे संबंधित डाक्टर की लिखित सहमति / आपसी करारनामा, शैक्षणिक योग्यताओं की छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।

अथवा

2. आयुर्वेद / फार्मास्युटिकल्स / एफ.एम.सी.जी. कार्यक्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव। संबंधित कार्यक्षेत्र एवं अनुभव के प्रमाणित दस्तावेजों की छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।

3. प्री–बिड बैठक :

निविदा से संबंधित शंका समाधान के लिए कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन (वनमंडल) एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में प्री बिड बैठक का आयोजन दिनांक 10 / 12 / 2021 समय अपरान्ह 3:00 से किया जावेगा। इच्छुक निविदाकार प्री बिड बैठक में उपस्थित होकर निविदा प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी एवं शंकाओं का समाधान एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त सुझावों को यदि उपयुक्त पाया जाता है तो, प्रबंध सचांलक, जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क संघ मुख्यालय से अनुमति प्राप्त कर निविदा में संशोधन, परिवर्तन या परिवर्धन कर सकेगा।

4. **आवंटन का निर्धारण:** तकनीकी निविदा के परीक्षण में योग्य / अहर्ता वाले निविदाकारों के ही वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोले जाएगें। सफल निविदाकार का निर्धारण तकनीकी रुप से अर्ह निविदाकर्ता के वित्तीय प्रस्तावों में विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के निर्धारित वार्षिक क्रय लक्ष्य के साथ अधिकतम मासिक लीजरेंट ( भोपाल एवं संबंधित जिला यूनियन के नगर निगम / नगर पालिका / नगर पंचायत के कार्य क्षेत्र में निर्धारित न्यूनतम लीजरेंट से अधिकतम) के आधार पर किया जाएगा।

5. **निविदा प्रपत्र एवं सत्यंकार शुल्क:**

(i) निविदा प्रपत्र संबंधित जिला वनोपज सहकारी यूनियन (वनमंडल) कार्यालय एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल से राशि रू. 1000 / – (एक हजार) एवं जीएसटी 12% (कुल देय राशि 1120 / एक हजार एक सौ बीस रुपए) नगद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमान्ड ड्राफ्ट (वैद्यता 3 माह) जो कि प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन.................... के पक्ष में ....................... देय हो, के माध्यम से भुगतान कर प्राप्त किए जा सकते हैं। विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.एफ.पी.–पार्क'' को भोपाल में देय हो। नगद भुगतान करने पर शुल्क

की मूल रसीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र की शुल्क वापिसी नही की जावेगी।

(ii) सत्यंकार शुल्क (EMD) Earneast Money Deposit विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के क्रय लक्ष्य श्रेणी (अ,ब,स,द) अनुसार निर्धारित वार्षिक क्रय लक्ष्य की 2% राशि पर 18% जीएसटी जोड़कर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमान्ड ड्राफ्ट (वैद्यता 3 माह) के रुप में संबंधित प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.एफ.पी.–पार्क'' भोपाल के नामित हो जमा की जावे।

वार्षिक क्रय लक्ष्य की जानकारी निम्नानुसार है–

| श्रेणी | विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों का वार्षिक क्रय लक्ष्य | सत्यंकार शुल्क (ई.एम.डी.) 2% राशि एवं 18% जीएसटी अतिरिक्त |
|---|---|---|
| विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र भोपाल | 75 लाख रुपए वार्षिक | रूपये 1.50 लाख रुपए |
| श्रेणी अ | 15 लाख रुपए वार्षिक | रूपये 30 हजार रुपए |
| श्रेणी ब | 10 लाख रुपए वार्षिक | रूपये 20 हजार रुपए |
| श्रेणी स | 06 लाख रुपए वार्षिक | रूपये 12 हजार रुपए |
| श्रेणी द | 03 लाख रुपए वार्षिक | रूपये 06 हजार रुपए |

(iii) निविदा प्रपत्र के शुल्क एवं सत्यंकार राशि के बिना प्रस्तुत की गई निविदा स्वीकार्य नही होगी।

(iv) निविदा के निराकरण होने एवं सफल निविदाकार से अनुबंध के निष्पादन की सीमा व्यतीत होने के उपरांत असफल निविदाकारों को सत्यंकार राशि वापिस कर दी जाएगी।

(v) तकनीकी निविदा में सफल निविदाकार के ही वित्तीय निविदा प्रस्ताव का लिफाफा खोला जाएगा।

(vi) सत्यंकार राशि पर किसी प्रकार का ब्याज नही देय होगा।

6. परिशिष्टः

परिशिष्ट I से III जो कि इस अधिसूचना के साथ संलग्न है, समस्त प्रयोजनो के लिए इस निविदा सूचना के ही भाग है। अतः निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि इस अधिसूचना के साथ संलग्न परिशिष्ट I से III को ध्यान से पढ़कर व **''संजीवनी आयुर्वेदिक केन्द्र''** **''जहां है जैसा है''**की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्ध संसाधनों को ही देखकर निविदा प्रक्रिया में भाग लें।

7. निविदा का प्रस्तुतीकरणः

(i) निविदाकार द्वारा निविदा का प्रस्तुतीकरण करते समय पृथक–पृथक 3 छोटे एवं 1 बड़े लिफाफे का उपयोग करना है, प्रथम छोटे लिफाफे में निविदा शुल्क का डिमान्ड ड्राफ्ट/पावती एवं सत्यंकार राशि का डिमांड ड्राफ्ट रखना है, जिस पर निविदा शुल्क एवं सत्यंकार राशि अंकित करना है। दूसरे लिफाफे में **परिशिष्ट–I** अनुसार भरी हुई तकनीकी निविदा मय संलग्नकों एवं दस्तावेजों को रखा जावे, जिस पर **तकनीकी**

<u>निविदा</u> अंकित किया जावे। तीसरे लिफाफे में वित्तीय निविदा के निर्धारित प्रपत्र **<u>परिशिष्ट–II</u>** अनुसार प्रस्तुत की जाए जिस पर <u>वित्तीय निविदा</u> लिखा जावे। तीनों लिफाफों पर निविदाकार का नाम एवं पता भी स्पष्ट रुप से लिखा जावे एवं सीलबंद किए जावें। एक बड़े लिफाफे में तीनों लिफाफों को रखकर निविदाकार का नाम एवं पता लिखकर सीलबंद कर प्रस्तुत करना होगा। बड़े लिफाफे पर प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन.........................''**संजीवनी आयुर्वेदिक केन्द्र, ................... के लीज रेंट आधार पर संचालन हेतु निविदा**'' लिखा जावे। विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल का लेख किया जावे।

(ii) निविदा पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति / व्यक्तियों / संस्था द्वारा यह उल्लेखित किया जायेगा कि वह / वे किस हैसियत से निविदा पत्र पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। (उदाहरणार्थ, संबंधित फर्म या स्वयं अथवा पूर्ण स्वामी अथवा किसी कंपनी के संचालक, संचालक अथवा सचिव के रूप में।)

(iii) किसी अन्य व्यक्ति या फर्म की ओर से निविदा पत्र पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति निविदा पत्र के साथ मुख्त्यारनामा या उसके पक्ष में सम्यक रूप से निष्पादित विलेख (डीड) या भागीदारी विलेख (Partnership Deed) जिसमें उसे यह शक्ति दी गई हो, जो यह दर्शाये कि यथास्थिति ऐसे अन्य व्यक्तियों को या फर्म को, संविदा संबंधी सभी विषयों में आबद्ध करने का उसे अधिकार है, निविदा पत्र के साथ संलग्न करेगा।

(iv) अवयस्क, दिवालिया, अथवा वन विभाग म0प्र0 शासन / लघु वनोपज संघ द्वारा घोषित काली सूची में दर्ज व्यक्तियों / संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत निविदाएं स्वीकार नही की जावेगी।

8. निविदाओं का खोला जानाः

(i) निर्धारित तिथि 15 / 12 / 2021 एवं समय 4.30 बजे तक प्राप्त निविदाओं की तकनीकी निविदा दिनांक 16 / 12 / 2021 को अपरान्ह 4.00 बजे से उपस्थित निविदाकारों के समक्ष प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन.................... के परिसर में खोली जाएगी।

(ii) तकनीकी निविदाओं के परीक्षण एवं निराकरण हेतु प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.एफ.पी.–पार्क'' भोपाल द्वारा एक समिति गठित की जावेगी। समिति चाहे तो किसी जानकारी या स्पष्टीकरण हेतु संबंधित निविदाकार से वांछित जानकारी प्राप्त कर, कार्यवाही कर सकेगी।

(iii) तकनीकी निविदा में सफल निविदाकार की ही वित्तीय निविदाएं खोली जावेगी।

(iv) यदि दो निविदाकारों द्वारा समान लीजरेंट प्रस्तुत किया जाता है तो अधिक वार्षिक लक्ष्य वाले निविदाकार की निविदा को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रस्तुत लक्ष्य समान होने पर आयुर्वेदिक डाक्टरों में उच्च शैक्षणिक एवं कार्य अनुभव योग्यता धारक को प्राथमिकता दी जावेगी। इसमें किसी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नही किया जाएगा।

(v) निविदा के खुलने के समय यदि कोई निविदाकार कदाचार करता है या शांति बनाये रखने में बाधा डालता है तो उसके द्वारा प्रस्तुत निविदा अयोग्य घोषित कर दी जायेगी। यदि बाधा से हानि उत्पन्न होती है, तो वह वसूली योग्य होगी और उसे तीन वर्षो के लिए काली सूची में भी दर्ज किया जा सकेगा।

9. **न्यूनतम तकनीकी अहर्ता का मूल्यांकन एवं योग्यता का निर्धारणः**
निविदाकार द्वारा भरे गए परिशिष्ट–2 के आधार पर न्यूनतम तकनीकी अहर्ता का मूल्यांकन एवं योग्यता का निर्धारण किया जावेगा। निम्नलिखित किसी भी बिन्दुओं पर न्यूनतम अहर्ता नही पाए जाने पर संबंधित निविदाकार की तकनीकी बोली निरस्त की जावेगी।
(अ) निविदाकार स्वयं शैक्षणिक अहर्ता रखते है अथवा शैक्षणिक अहर्ता रखने वाले व्यक्ति को नियोजित किया गया है, का प्रमाण / अनुबंध इत्यादि।
(ब) आयुर्वेदिक / एफ0एम0सी0जी0 / फार्मास्युटिकल क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्षों का कार्यानुभव / नेटवर्क संबंधी दस्तावेज।
(स) वित्तीय क्षमताओं का आंकलनः विगत 3 वर्षों का औसत टर्नओवर प्रस्तावित एवं संबंधित संजीवनी केन्द्र के वार्षिक क्रय लक्ष्य से 25% अधिक होना चाहिए।

10. **सुरक्षा निधि एवं अग्रिम किराए का भुगतानः**
(i) सफल निविदाकार को प्रेषित सूचना दिनांक से अधिकतम 30 दिवस के अंदर अनुबंध / करारनामा निष्पादित करना आवश्यक है। यदि किन्ही कारणों वश निविदाकार उक्त निर्धारित अवधि में अनुबंध / करारनामा निष्पादित करने हेतु अवधि में वृद्धि चाहता है तो उसे कारणों का उल्लेख करते हुए इस आशय का लिखित आवेदन संबंधित प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन के कार्यालय में उपरोक्तानुसार वर्णित 30 दिवस के पूर्व प्रस्तुत करना होगा। विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल को प्रस्तुत किया जावे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत आवेदन के यथोचित कारणों के आधार पर प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा अधिकतम 15 दिवस की अवधि वृद्धि (एक बार) प्रदान की जा सकेगी परन्तु ऐसा करने के लिए वह बाध्य नही हैं। यदि इसके बाद भी सफल निविदाकार द्वारा अनुबंध निष्पादित नही किया जाता है तो उस श्रेणी के द्वितीय निविदाकार को अवसर प्रदान किया जा सकेगा।
(ii) अनुबंध / करारनामा निष्पादित करते समय अनुबंधकर्ता को सुरक्षा निधि की राशि विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के क्रय लक्ष्य श्रेणी (अ,ब,स,द) अनुसार निर्धारित वार्षिक क्रय लक्ष्य की 5% राशि पर 18% जीएसटी जोड़कर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमान्ड ड्राफ्ट / एफ0डी0आर0 के रुप में जिसकी वैद्यता अनुबंध अवधि से 6 माह आगे की हो, संबंधित प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन के नामित हो जमा की जावे। विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, भोपाल के नामित भुगतान किया जावे।
(iii) अनुबंधकर्ता को मासिक लीजरेंट प्रस्ताव की 3 माह की अग्रिम राशि के कुल योग का अग्रिम भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमान्ड ड्राफ्ट / एफ0डी0आर0 के रुप में संबंधित प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन के नामित हो जमा की करना आवश्यक है। विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन

अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के नामित हो जमा किया जावे।

(iv) सफल निविदाकार द्वारा उसके आवेदन पर निविदा के साथ जमा की गई सत्यंकार की राशि को सुरक्षा निधि के रुप में परिवर्तित किया जा सकेगा।

(v) सफल निविदाकार द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि, अग्रिम लीज़ रेंट अनुबंध / करारनामा अवधि की सफल पूर्णता के उपरान्त वापस कर दी जावेगी। राशि की वापिसी उसी स्थिति में की जाएगी जबकि लीजधारक द्वारा समस्त देनदारियों का भुगतान पूर्णतः कर दिया गया हो। भवन अथवा उससे जुड़ी किसी भी सम्पत्ति, फिक्सर को नुकसान न पंहुचाया गया हो, किसी प्रकार के नुकसान की भरपाई की प्रतिपूर्ति सुरक्षा राशि एवं अग्रिम लीज रेंट से की जाएगी।

11. **सफल निविदाकार से अनुबंध / करारनामा का निष्पादनः**

(i) सफल निविदाकार को उसके प्रस्ताव की स्वीकृति जारी किये जाने के 30 दिनों में संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र के लिए कंडिका (7) में निर्धारित सुरक्षा निधि एवं 3 माह के अग्रिम लीजरेंट के भुगतान के साथ परिशिष्ट–III में दिये गये प्रपत्र में पंजीकृत अनुबंध / करारनामा निष्पादित करना होगा। पंजीकृत अनुबंध / करारनामा पर होने वाले व्यय का भुगतान सफल निविदाकार को ही करना होगा।

(ii) यदि सफल निविदाकार करारनामा किये जाने की समय सीमा में वृद्धि चाहता है तो उसे प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.एफ.पी.–पार्क'' भोपाल को आवेदन करना होगा जिसमें अवधि वृद्धि किये जाने का कारण बतलाना होगा। प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं प्रस्तुत आवेदन पर विचार कर एक बार अधिकतम 15 दिवस की समय अवधि में वृद्धि करने का निर्णय ले सकेंगे, परन्तु ऐसा करने हेतु वे बाध्य नहीं हैं। विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ. पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल प्रस्तुत आवेदन पर विचार कर एक बार अधिकतम 15 दिवस की समय अवधि में वृद्धि करने का निर्णय ले सकेंगे, परन्तु ऐसा करने हेतु वे बाध्य नहीं हैं।

(iii) सफल निविदाकार द्वारा अनुबंध / करारनामे का निष्पादन निर्धारित अवधि जिसमें एक बार की अवधि वृद्धि भी सम्मिलित है में नहीं किए जाने की स्थिति में प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन द्वारा उसकी निविदा निरस्त कर दी जावेगी और ऐसे निरस्तीकरण पर जमा की गई सत्यंकार की राशि अधिग्रहित कर ली जाएगी। इस पर किसी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नही होगा साथ ही निविदाकार को 3 वर्षो के लिए काली सूची में दर्ज कर दिया जाएगा।

(iv) करारनामा दिनांक से संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र के संचालन हेतु आवश्यक वैधानिक पंजीयन, प्रचलित लागू कर जिसमें आयकर, जीएसटी, सम्पत्ति कर एवं अन्य आवश्यक करों के साथ–साथ बिजली, पानी के प्रबंध की समस्त जबाबदारी सफल निविदाकार की ही होगी।

(v) संचालन के दौरान यदि संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र के प्रबंधन में संलग्न संचालक एवं स्टाफ का किसी से विवाद उत्पन्न होता है तो इसकी समस्त वैधानिक जबाबदारी संजीवनी लीजरेंट धारक संचालक की ही होगी।

(vi) संजीवनी केन्द्र का पूर्ण स्वामित्व म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल एवं प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.एफ. पी.–पार्क'' भोपाल का ही होगा।

(vii) प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी / व्यक्ति कभी भी संजीवनी केन्द्र का निरीक्षण / औचक निरीक्षण कर सकेगें।

(viii) संजीवनी केन्द्र साप्ताहिक अवकाश छोड़कर समस्त दिवसों में खुला रहेगा।

(ix) यदि कोई आवेदक संजीवनी केन्द्र का संचालन नही करना चाहता है तो उसे तीन माह पूर्व नोटिस देकर अवगत कराना होगा। इसी प्रकार संघ अथवा प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा आवश्यकता पड़ने पर 3 माह की पूर्व सूचना देकर संचालन निरस्त कर सकेगा।

(x) लीजधारक / अनुबंधकर्ता को लीज पर ली जा रही सम्पत्ति का बीमा कराना अनिवार्य होगा। बीमा पालिसी की प्रति एवं देय प्रीमियम की रसीद प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ. पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल को अनुबंध करने की तिथि से 1 माह में उपलब्ध करानी होगी।

12. करार अवधिः

(i) अनुबंध / करारनामा निष्पादन की दिनांक से 3 वर्ष तक की करार अवधि के लिए एतद द्वारा निविदा आमंत्रित की गई हैं। प्रथम वर्ष के उपरांत द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के प्रारंभ में निर्धारित मूल लीज रेंट में 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की जावेगी।

(ii) 3 वर्ष की करार अवधि समाप्त होने के उपरांत अनुबंधकर्ता के विगत वर्षों के कार्य निष्पादन (Performance) एवं विन्ध्य हर्बल्स उत्पादों के क्रय लक्ष्य के आधार पर आगामी 2 वर्ष के लिए करार अवधि में वृद्धि की जा सकेगी।

(iii) करार अवधि में वृद्धि का अधिकार प्रबंध संचालक, लघु वनोपज संघ, भोपाल की अनुमति से संबंधित प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल को होगा।

(iv) प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान

केन्द्र, एम.एफ.पी.—पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल तद्समय के लागू मूल लीज रेंट में 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि करते हुए करार अवधि में वृद्धि की अनुशंसा प्रबंध संचालक, लघु वनोपज संघ, भोपाल को प्रस्तुत करेगें।

(v) अवधि में वृद्धि करने या ना करने का निर्णय प्रबंध संचालक लघु वनोपज संघ द्वारा लिया जाएगा। प्रबंध संचालक, लघु वनोपज संघ, भोपाल का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

13. **संजीवनी केन्द्र के संचालन का मूल्यांकनः**

प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.—पार्क, भोपाल द्वारा संजीवनी केन्द्र के संचालन के संबंध में प्रत्येक 6 माह में मूल्यांकन एवं समीक्षा की जावेगी। प्रगति संतोषजनक ना पाए जाने पर करारनामें के निरस्तीकरण की कार्यवाही की अनुशंसा प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.—पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा की जावेगी जिस पर प्रबंध संचालक, लघु वनोपज संघ द्वारा निर्णय लिया जावेगा। संतोषजनक प्रगति की समीक्षा का तात्पर्य केन्द्र के सुव्यवस्थित संचालन एवं प्रबंधन, औषधियों के विक्रय की प्रगति, मासिक प्रपत्र में जानकारी प्रस्तुत करने, रखरखाव, समय पर मासिक किराए / विद्युत / जलकर इत्यादि के भुगतान करने से है। मूल्यांकन की प्रक्रिया में प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.—पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा 5 श्रेणियों में अपना अभिमत प्रदाय किया जावेगा जिसमें उत्कृष्ट, बहुत अच्छा, अच्छा, खराब एवं बहुत खराब।

14. म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ के कर्मचारी एवं उनके आश्रित, परिवार के सदस्य आवंटन के पात्र नहीं रहेंगे।

15. नियुक्त लीज धारक को अथवा उनके कर्मचारियों को आवास, कार्यालय या अन्य कोई अतिरिक्त सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

16. **देय लीज रेंट का भुगतानः**

(i) नियुक्त लीज धारक देय लीज रेंट का त्रैमासिक आधार पर चार समान किस्तों में अग्रिम भुगतान लीज धारक के करारनामे की शर्त क्रमांक 1 (II) के अनुसार प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन को डिमान्ड ड्राफ्ट के माध्यम से ही किया जाना होगा। यह भुगतान त्रैमास समाप्त होने के 10 दिवस पूर्व करना होगा।

(ii) नियत दिनांक तक भुगतान न करने पर 0.05 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से ब्याज का भुगतान करना होगा। किन्तु यह अवधि 60 दिवस से अधिक की नही होगी। 60 दिवस से अधिक होने पर प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन द्वारा करारनामें को निरस्त कर, जमा अग्रिम एवं सुरक्षा निधि अधिग्रहित कर ली जावेगी एवं परिसर रिक्त करा लिया जाएगा। देय तिथि के 60 दिवस के अंदर भुगतान न करने पर लीजधारक के आवेदन पर, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा स्वविवेक से अधिकतम 30 और दिवस का अवसर दिया जा सकता है।

(iii) प्रबंध संचालक, लघु वनोपज संघ, भोपाल द्वारा आवश्यकतानुसार अनुबंध / करारनामे को कभी भी निरस्त किया सकेगा। इस पर किसी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नही किया जाएगा। आवंटन प्रक्रिया से संबंधित समस्त पक्षों को प्रबंध संचालक, लघु वनोपज संघ, भोपाल का निर्णय मान्य होगा जोकि अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

17. **संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र का प्रभारः**

(i) प्रथम तीन माहों की अग्रिम किस्तों एवं सुरक्षा निधि के भुगतान उपरांत संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र का प्रभार प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल अथवा उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी द्वारा अधिकतम 7 कार्य दिवसों में लीजधारक को कर दिया जायेगा।

(ii) प्रभार के दौरान समस्त चल / अचल सम्पत्तियों / स्टाक की सूची तैयार की जाएगी जिस पर प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं विन्ध्य हर्बल्स संजीवनी केन्द्र, भोपाल हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, एम.एफ.पी.–पार्क, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी एवं लीजधारक के हस्ताक्षर किए जाएगें।

18. **अधिनियम, नियमावली और शर्तो का उल्लंघन तथा करारनामे की समाप्ति :**

ऐसे क्रेता जो किसी अधिनियम, नियमावली और / अथवा क्रेता करारनामे की किन्ही शर्तो का उल्लंघन करता है, परिणामस्वरूप उसके करारनामें को समाप्त किया जाता है, तो

(1) नियुक्त लीज धारक को तीन वर्ष की कालावधि तक के लिए काली सूची में दर्ज किया जा सकेगा।

(2) तत्काल प्रभाव से संजीवनी आयुर्वेद केन्द्र भवन को खाली करना होगा।

(3) नियुक्त लीज धारक द्वारा जमा किया गया लीज रेंट वापस नहीं होगा।

(4) नियुक्त लीज धारक द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि को राजसात कर दिया जायेगा।

(5) यदि भवन / इससे संबद्ध संपत्ति को नियुक्त लीज धारक के द्वारा हानि पहुंचाई जाती है तो इसकी मरम्मत व अन्य भरपाई भू–राजस्व संहिता के अंतर्गत वसूल की जायेगी।

19. **निबंधनों एवं शर्तो का स्वीकार करना–**

इस निविदा के संदर्भ में निविदा प्रस्तुत करने के कार्य को निविदा सूचना की शर्तो एवं निबंधनों / नियमों की बिना शर्त अभिस्वीकृति समझा जावेगा।

20. **अधिनियम / प्रावधानों का लागू होनाः**

अधिनियम तथा नियमावली के समस्त तत्समय प्रवृत्त प्रावधान जहां तक कि वे संचालनकर्ताओं के ऊपर लागू होते हैं, निविदा सूचना एवं लीज रेंट करारनामें के निबंधनों तथा शर्तो के विशेषतः अभिन्न अंग हैं।

